तापमान

अधिकतम 42 डिग्री
न्यूनतम 29.0 डिग्री

हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 22 मई 2026

4 बड़े भंडार में मिला प्राचीन तालपत्र पांडुलिपियों का दुर्लभ संग्रह





## खबर संक्षेप

### गोंदिया स्टेशन यार्ड में ब्लॉक जेडी पैसेंजर कल तक रद्द

**रायगढ़।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवेए नागपुर मंडल के गोंदिया स्टेशन यार्ड में क्षमता आवर्धन हेतु ब्लॉक लेकर पॉइंट्स अपग्रेडेशन का कार्य किया जा रहा है। इसके फलस्वरूप 22 मई को गोंदिया से चलने वाली गाड़ी संख्या 68861 गोंदिया-झारसुगुड़ा पैसेंजर और 22 व 23 मई को झारसुगुड़ा से चलने वाली गाड़ी संख्या 68862 झारसुगुड़ा गोंदिया पैसेंजर रद्द रहेगी।

### ट्रेनों में आगजनी रोकने विशेष संरक्षा अभियान

**रायगढ़।** रेलवे की संरक्षा विभाग द्वारा ट्रेनों में आगजनी की संभावित घटनाओं की रोकथाम, यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा रेल संपत्ति की संरक्षा के उद्देश्य से व्यापक स्तर पर विशेष संरक्षा अभियान चलाया जा रहा है। रायगढ़ स्टेशन से गुजरने वाली सभी मेल एक्सप्रेस, सुपरफास्ट एवं यात्री ट्रेनों सहित मंडल से प्रारंभ होने वाली ट्रेनों में विशेष संरक्षा जांच एवं जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान संरक्षा विभाग द्वारा कोचों, पावर कारए पैंट्री कार एवं अन्य संवेदनशील स्थानों का गहन निरीक्षण किया गया। अभियान के अंतर्गत एसी कोचों में फायर एक्सटिंग्विशर की उपलब्धता एवं कार्यशीलता की जांच, फायर डिटेक्शन एवं सप्रेशन सिस्टम की जांचए पावर कारों में विद्युत सुरक्षा संबंधी निरीक्षण, वायरिंग चेक, अर्थ लीकेज चेक, एमसीबी एवं विद्युत पैनलों की जांच, थर्मल स्कैनिंग, बैटरी एवं जंक्शन बॉक्स की जांच जैसे महत्वपूर्ण कार्य किए गए।

### बिना लाइसेंस ट्रेलर चला रहा था चालक, हादसे में मौत

**रायगढ़।** पुसौर थाना क्षेत्र में हुए भीषण सड़क हादसे के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए ट्रेलर चालक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार यह हादसा रात करीब साढ़े 8 बजे छोटा हाथी वाहन क्रमांक सीजी 13 एएक्स 0825 को चंद्रपुर की ओर से तेज रफ्तार में आ रहे बॉक्स ट्रेलर क्रमांक ओडी 16 डी 8336 ने टक्कर मार दी। हादसे में छोटा हाथी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और चालक दशरथ साहू निवासी ग्राम रूचिदा की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक टाइल्स दुकान में बुकिंग का कार्य करता था और काम खत्म कर घर लौट रहा था। घटना के बाद पुसौर पुलिस ने मर्ग कायम कर प्रारंभिक रूप से धारा 106,1 के तहत अपराध दर्ज किया था, लेकिन विवेचना के दौरान सामने आया कि ट्रेलर चालक इमरान खान निवासी नवादा, बिहार बिना किसी वैध ड्राइविंग लाइसेंस के भारी मालवाहक ट्रेलर चला रहा था। पुलिस द्वारा लाइसेंस प्रस्तुत करने के नोटिस पर आरोपी ने स्वयं लिखित में स्वीकार किया कि उसके पास कोई ड्राइविंग लाइसेंस नहीं है।

### खड़े ट्रक से बैटरी चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** खड़ी ट्रक से बैटरी चोरी करने वाला आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बताया जाता है कि आरोपी पूर्व में भी अनेक मामलों में जेल की सजा काट चुका है। मामला चांपा थाना क्षेत्र का है। इस संबंध में चांपा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार चांपा निवासी अक्षत तिवारी ग्लोबल रोड कैरियर में मैनेजर के रूप में कार्यरत हैं तथा कार्यालय परिसर के पीछे ही निवास करते हैं। 20 मई की सुबह लगभग 9 बजे जब वे प्रतिदिन की तरह कार्यालय पहुंचे, तब ट्रांसपोर्ट ऑफिस के सामने खड़ी डाला बॉडी ट्रक क्रमांक सीजी 12 एस 5566 से आवाज आने पर उन्होंने मौके पर जाकर देखा कि ट्रक की सीट पलटी हुई थी और एक व्यक्ति ट्रक की बैटरी चोरी कर ले जा रहा था। आरोपी की मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 11 एयू 8152 भी मौके पर खड़ी मिली। घटना की सूचना तत्काल थाना चाम्पा में दी गई, जिस पर पुलिस ने धारा 303 (2) तहत मामला दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की।

## रात से ही लगा रहे लोग लाइन, जरीकेन की लाइन सबसे ज्यादा

# जरीकेन में मनाही, रैलियों की तरह ट्रैक्टर लेकर पेट्रोल पंपों में पहुंच रहे किसान





हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

अमूमन रैलियों में जैसे वाहनों की लंबी लाइन लगी रहती है वैसे ही नजारा अब जिले के कई ब्लॉकों के पेट्रोल पंपों में देखने को मिल रहा है। यहां डीजल लेने के लिए किसान रैलियों की शक्ल में पेट्रोल पंप पहुंच रहे हैं। कारण जरीकेन में डीजल देना बंद कर दिया गया है। हालात यह है कि रात से ही ट्रेक्टर लेकर पंपों में खास करके किसान पहुंच रहे हैं। दूसरी ओर जरीकेन की लाइन भी काफी लंबी लग रही है। कारण लोगों को पता ही नहीं है कि जरीकेन में डीजल-पेट्रोल नहीं मिल रहा है। इसके कारण विवाद भी बढ़ रहा है। लैलूंगा और धरमजयगढ़ दोनों ऐसे ब्लॉक है जहां डीजल के लिए खुब मारामारी मची हुई है। यहां जरीकेन में तेल पूरी तरह से मनाही है। इसके कारण लोगों को अपनी वाहन लेकर ही पेट्रोल पंपों में जाना पड़ रहा है। लैलूंगा ब्लॉक में 10 पेट्रोल पंप है, लेकिन कुछ में पेट्रोल-डीजल है तो कुछ में नहीं। ऐसे हालात में जिन पंपों में डीजल मिलता है वहां लंबी–लंबी लाइन लगी रहती है। किसान तो अपनी ट्रेक्टर लेकर रात से ही लाइन में लग जाते हैं। दूसरी ओर लोगों को पता भी नहीं है, ऐसे में जरीकेन लेकर लाइन लग जा रहे हैं। लाइन लगने के बाद यदि मना कर रहे हैं तो विवाद की स्थिति निर्मित हो रही है। खास बात यह है कि पंपों में इतनी ज्यादा ट्रेक्टरों की लाइन लग रही है कि नंबर आते-आते दो से तीन घंटा लग जा रहा है।

### आम उपभोक्ताओं को न हो असुविधा: कलेक्टर



कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने कंज्यूमर पंप संचालकों को निर्देशित किया कि वे गत वर्ष के इसी माह की खपत के अनुरूप इस वर्ष भी अपनी आवश्यकता अनुसार डीजल का लोड स्वयं मंगाएं। उन्होंने कहा कि इंडस्ट्रियल उद्देश्य के लिए रिटेल आउटलेट्स से डीजल प्राप्त न किया जाए, ताकि आम नागरिकों के लिए पर्याप्त उपलब्धता बनी रहे और किसी प्रकार की असुविधा की स्थिति निर्मित न हो।

### धरमजयगढ़ में भी इसी तरह के हालात

गुरुवार को धरमजयगढ़ से भी हमें जो सूचनाएं मिली है उसके मुताबिक हालात काफी खराब हैं। वहां भी डीजल के लिए काफी मारामारी मची हुई है। एक अधिकारी ने बताया कि डीजल तो मिल ही नहीं रहा है। या तो कृत्रिम रुप से कमी कर दी जा रही है या प्लांटों में खपाया जा रहा है। कारण कमर्शियल डीजल की कीमत करीब काफी बढ़ गई है। इसके कारण पेट्रोल पंप संचालक प्लांटों में ज्यादा सप्लाई कर रहे हैं।

### शहरों में भी हालात ठीक नहीं

रायगढ़ शहर में भी हालात ठीक नहीं हैं। आउटर के पेट्रोल पंपों में ड्राई है। किसी में एक तो किसी में दो दिनों से सप्लाई नहीं हुई है। जानकारी मिली है कि कुछ तो जान बूझकर इस तरह की कृत्रिम क्राइसेस कर रहे हैं। इससे लोग परेशान हो रहे हैं। लोग जब पेट्रोल पंपों में पहुंच कर बैरंग लौट रहे हैं।

## निजी स्कूलों की मनमानी फीस और किताबों पर सरकार सख्त, जांच समितियों का गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शासन के स्कूल शिक्षा विभाग ने निजी स्कूलों में फीस बढ़ोतरी और एक ही फर्म से किताब, कॉपी तथा गणवेश खरीदने के लिए पालकों पर दबाव बनाए जाने की शिकायतों को गंभीरता से लिया है। इस संबंध में स्कूल शिक्षा विभाग ने कलेक्टरों को पत्र जारी कर निगरानी एवं जांच समितियों के गठन के निर्देश दिए गए हैं। ऐसे अब इसकी प्रक्रिया रायगढ़ में भी शुरू कर दी गई है। स्कूल शिक्षा विभाग की ओर से जारी किए गए आदेश के अनुसार कई निजी स्कूलों द्वारा पालकों को किसी विशेष दुकान या फर्म से पुस्तकें, गणवेश और अन्य सामग्री खरीदने के लिए बाध्य किए जाने की शिकायतें लगातार मिल रही थीं। दुकानदार मनमाने कीमतों पर पालकों को बेचने की शिकायत मिली थी। इससे पालकों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ बढ़ रहा है। वहीं कई जगह फीस में अनियमित बढ़ोतरी की शिकायतें भी सामने आई हैं। बता दें कि जिम में लगातार यह मुद्दा हर शैक्षणिक सत्र से पहले उठाया जाता है और एक समय बाद शांत भी पद जाता है। ऐसे में देखने वाली बात यह है कि इस बार इस मनमानी पर जमीनी स्तर पर कार्रवाई होगी या फिर इस बार भी सिर्फ समितियाँ गठित कर कागजी घोड़े दौड़ाए जाएंगे।



### समितियों में यह शामिल

इन शिकायतों की जांच और निराकरण के लिए जिला स्तर एवं विकासखंड स्तर पर समितियों का गठन किया गया है। जिला स्तरीय समिति में कलेक्टर, जिला शिक्षा अधिकारी, सहायक आयुक्त, जीएसटी शामिल होंगे, जबकि विकासखंड स्तरीय जांच दल अनुविभागीय अधिकारी राजस्व विकासखंड शिक्षा अधिकारी और जीएसटी इंस्पेक्टर को शामिल किया गया है।

### सख्त कार्रवाई के दिए गए निर्देश

शासन ने निर्देश दिया है कि निजी विद्यालयों में फीस वृद्धि से जुड़ी शिकायतों पर स्वतः संज्ञान लेते हुए छत्तीसगढ़ अशासकीय विद्यालय फीस विनियमन विधेयक 2020 के तहत कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। सरकार के इस कदम को अभिभावकों के हित में बड़ी कार्रवाई माना जा रहा है। इससे निजी स्कूलों की मनमानी पर अंकुश लगने और पालकों को राहत मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

## दोस्तों के बीच कहासुनी, मामूली विवाद पहुंच गया हत्या तक, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

पहले दो दोस्तों के बीच विवाद हुआ। मारपीट में एक का टी शर्ट फट गया। दूसरे ने उसे अपनी टी शर्ट पहनने के लिए दी। फिर किसी बात को लेकर विवाद हो गया। मारपीट हुई तो चोंट भी लगी। दोनों अस्पताल गए और इलाज कराने के बाद बाइक से लौटे। दोनों शराब पीने चले गए, लेकिन देरी होने की वजह से शराब नहीं मिला। वहां फिर से दोनों के बीच विवाद हुआ और एक दोस्त ने अपने दूसरे दोस्त को मौत के घाट उतार दिया। याने मामूली कहा सुनी भी कभी- कभी मौत की वजह बन जाती है। बहरहाल पुलिस ने आरोपी को पकड़ लिया है।

कोतरारोड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत सीतापुर स्थित सामुदायिक शौचालय के पास मिले युवक के शव मामले में पुलिस ने अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाते हुए आरोपी अमन कुमार बसोड निवासी भगवानपुर को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। आरोपी ने अपने ही दोस्त तिलक वर्मा की मामूली विवाद के बाद ईंट से सिर पर ताबड़तोड़ वार कर उसकी हत्या कर दी। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार 15 मई की सुबह सीतापुर स्थित सामुदायिक शौचालय के सामने खाली जगह पर एक युवक का शव पड़ा मिला। सूचना मिलने के बाद पुलिस व एफएसएल की टीम ने मौके पर पहुंची। जांच में मृतक की पहचान भगवानपुर निवासी तिलक वर्मा 21 साल के रूप में हुई। मृतक के भाई पियूष वर्मा ने पुलिस को बताया कि तिलक बीते 14 मई की रात घर से निकला था और वापस नहीं लौटा। दूसरे दिन उसकी लाश मिलने की खबर सामने आई। जांच में देखा गया कि शव पर सिर और चेहरे में गंभीर चोट के निशान थे। जिसके बाद पुलिस ने इस मामले में अज्ञात आरोपी के विरुद्ध धारा 103(1) के तहत अपराध पंजीबद्ध करते हुए विवेचना शुरू की। जांच के वक्त मौके पर खून से सने पत्थर और ईंटें मिलीं। जिसके बाद मृतक के दोस्तों और परिजनों से पूछताछ की गई, तब पता चला कि घटना की रात टावर मैदान के पास वर्मा और उसके दोस्त अमन बसोड के बीच विवाद और मारपीट हुई थी। इस घटना के बाद से अमन फरार था, जिससे पुलिस का संदेह उस पर गहराया। इसी बीच छातामुड़ा निवासी उसकी बहन के घर पर उसे देखे जाने की सूचना मिली। जिसके बाद पुलिस ने बस स्टैंड के पास घेराबंदी कर आरोपी को हिरासत में ले लिया। पूछताछ करने पर आरोपी ने तिलक की हत्या करने की बात स्वीकार करते हुए पुलिस को बताया कि 14 मई की रात टावर मैदान में दोनों के बीच सीमेंट पोल तोड़ने की बात को लेकर विवाद हुआ था और मारपीट में उसकी शर्ट फट गई थी, जिस पर तिलक ने उसे अपना टी-शर्ट पहनने को दिया। बाद में गांव के बोरिंग के पास फिर दोनों के बीच झगड़ा हुआ और दोनों घायल भी हुए थे। इसके बावजूद तिलक उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल तक लेकर गया। रात में दोनों बाइक से सीतापुर पहुंचे और शराब पीने के लिए दुकान गए, लेकिन शराब नहीं मिलने पर वे वापस लौट गए और इसी बीच फिर से दोनों विवाद हुआ। तभी गुस्से में आकर अमन ने जमीन पर पड़े ईंट से तिलक के सिर पर वार करते हुए उसकी हत्या कर दी।


**कई बड़े उद्योगों पर की गई कार्रवाई, 2022 से 2026 तक अलग-अलग मामलों में लगाया गया जुर्माना**

## राखड़ के अवैध परिवहन और पर्यावरणीय नियमों का उल्लघंन, उद्योगों पर 7 करोड़ 21 लाख पेनाल्टी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले में पर्यावरणीय नियमों का उल्लंघन करने वाले उद्योगों पर बड़ी कार्रवाई सामने आई है। ताप विद्युत संयंत्रों और उद्योगों द्वारा राखड़ यानी फ्लाई ऐश के समुचित परिवहन नहीं करने तथा अवैध अपवाहन के मामलों में पर्यावरण विभाग ने बीते 4 वर्षों में 7.21 करोड़ रुपये की पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति अधिरोपित की है।

हरिभूमि को मिले आधिकारिक दस्तावेजों के अनुसार जिले के कई बड़े उद्योगों पर वर्ष 2022 से लेकर 2026 तक अलग-अलग तिथियों में कार्रवाई की गई। इनमें मेसर्स जेएसडब्ल्यू स्टील लिमिटेड, सिंघल स्टील एंड पावर लिमिटेड, रायगढ़ इस्पात एंड पावर प्राइवेट लिमिटेड, शारदा एनर्जी एंड मिनरल्स लिमिटेड, नवदुर्गा फ्यूल्स प्राइवेट लिमिटेड समेत कई अन्य कंपनियों के नाम शामिल हैं। मुख्य बात यह है कि नियमों की अनदेखी करने वाले उद्योगों को इन वर्षों से कई बार अर्थदण्ड से दंडित किया गया है। इसमें कुछ उद्योग तो ऐसे भी हैं जिनके विरूद्ध 10 लाख से लेकर 1 करोड़ से अधिक का जुर्माना लगाया गया है।



सूत्रों के अनुसार राखड़ के सुरक्षित परिवहन, भंडारण और निपटान को लेकर निर्धारित पर्यावरणीय मानकों का पालन नहीं किए जाने पर यह कार्रवाई की गई। कई मामलों में सड़क मार्ग से राखड़ परिवहन के दौरान प्रदूषण फैलने और अवैध डंपिंग की शिकायतें भी सामने आई थीं। इस समयावधि में सबसे अधिक कार्रवाई कुछ बड़े उद्योगों पर लाखों की पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति के रूप में दर्ज की गई है। शारदा एनर्जी एंड मिनरल्स लिमिटेड पर अलग-अलग तिथियों में कई बार जुर्माना लगाया गया, जिनमें कुछ मामलों में राशि 80 लाख से भी अधिक दर्ज है। दस्तावेजों के अनुसार कुल मिलाकर 7 करोड़ 21 लाख 97 हजार 590 रुपये से अधिक की पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति विभिन्न उद्योगों पर लगाई गई है। यह कार्रवाई पर्यावरण संरक्षण अधिनियम के तहत की गई बताई जा रही है। हर साल जिले में फ्लाई ऐश का उत्पादन करीब 25 से 30 फीसदी तक बढ़ रहा है। इस हिसाब से वर्ष 2030 तक की स्थिति में सालाना फ्लाई ऐश का उत्पादन 3 करोड़ मीट्रिक टन तक हो जाएगा। वहीं इसके निपटान के लिए करीब 250 हेक्टेयर की भूमि की जरूरत होगी। गौर करने वाली बात यह है कि फ्लाई ऐश के उत्पादन व निपटान के अंतर को पाटने के लिए कोई कारगर कदम नहीं उठाए जा रहे हैं।

### हर साल 2 करोड़ मीट्रिक टन फ्लाई ऐश का प्रोडक्शन

सूत्र बताते हैं कि हर साल जिले में उद्योगों से करीब 2 करोड मीट्रिक टन फ्लाई ऐश निकल रहा है, लेकिन पर्यावरण विभाग की रिपोर्ट के अनुसार केवल 60 फीसदी फ्लाई ऐश का ही निपटारा हो पा रहा है। जबकि उत्पादित होने वाले फ्लाई ऐश का शत-प्रतिशत निपटारा करने का प्रावधान है। इसके लिए समय समय राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण यानी एनजीटी दिशा निर्देश जारी भी करता है, लेकिन इन दिशा निर्देशों को सिरे से दरकिनार करते हुए फ्लाईऐश के निपटारे को लेकर लापरवाही देखी जाती है।

### ऐश निपटारे के लिए 125 हेक्टेयर भूमि दरकार

वर्तमान में फ्लाई ऐश के निपटारे के लिए करीब 125 हेक्टेयर भूमि की आवश्यकता है। इसके मुकाबले भूमि की उपलब्धता 20 फीसदी भी नहीं है। बता दें कि राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण ने फ्लाई ऐश उत्पादन व इसके निपटान को लेकर कई नियम बनाएं हैं, जिसका पालन अनिवार्य रूप से करने का निर्देश भी दिया गया है, लेकिन एनजीटी के नियमों को लेकर उद्योग प्रबंधन गंभीरता नहीं बरतते हैं। एनजीटी ने फ्लाईऐश के उपयोग को लेकर भी दिशा निर्देश जारी किए हैं। जिसके तहत उद्योगों से निकलने वाले फ्लाईऐश का उपयोग लैंड फिलिंग और माइनिंग फिलिंग सहित ब्रिक्स निर्माण करने के लिए करना है। वहीं फ्लाई ऐश के शत-प्रतिशत उपयोग करने का प्रावधान किया गया है।

### लगातार हो रही कार्रवाई

नियमों का पालन नहीं करने वाले उद्योगों के खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी है। बीते 4 सालों में फ्लाईऐश परिवहन व निस्तारण में नियमों की अनदेखी करने वाले उद्योगों पर करीब सवा 7 करोड़ जुर्माना लगाया गया है।

**मयंक चतुर्वेदी**
कलेक्टर, रायगढ़

## तेज रफ्तार बाइक डिवाइडर से टकराई, एक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

तमनार थाना क्षेत्र में गुरुवार की सुबह एक भीषण सड़क हादसे में युवक की मौत हो गई, जबकि उसका रिश्तेदार गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा इतना जबरदस्त था कि बाइक सवार दोनों लोग सड़क पर दूर जा गिरे। पूरी घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई, जिसका फुटेज अब सामने आया है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार घरघोड़ा क्षेत्र के ग्राम डाकदही निवासी तपवन गुप्ता अपने रिश्तेदार रथ भोई के साथ ओडिशा के गिरसिंघा गांव गया हुआ था। गुरुवार की सुबह दोनों बाइक से वापस अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान हुंकराडीपा रोड पर उनकी बाइक अचानक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराई। यह टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों बाइक से उछलकर सड़क पर गिर पड़े। हादसे में तपवन गुप्ता को गंभीर चोटें आईं और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं रथ भोई के सिरए हाथ और पैर में गंभीर चोटें आई हैं। उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना मिलते ही तमनार पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पीएम के लिए भेजते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में हादसे की वजह तेज रफ्तार बताई जा रही है। वहीं सीसीटीवी फुटेज भी पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है।

## ओडिशा से रायगढ़ तक फैला कबाड़ सिंडिकेट गिरोह के 4 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

पुसौर पुलिस ने चोरी के स्क्रैप, फर्जी ई-वे बिल और जीएसटी चोरी से जुड़े अंतरराज्यीय गिरोह का खुलासा किया है। मामले में ओड़िशा और छत्तीसगढ़ के आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है, जबकि मुख्य आरोपी नीरज अग्रवाल अब भी फरार बताया जा रहा है, पुलिस उसकी तलाश में जुटी हुई है।

पुलिस जांच में सामने आया है कि गिरोह चोरी के कबाड़ को ट्रकों में भरकर छत्तीसगढ़ के विभिन्न प्लांटों तक पहुंचाता था और कार्रवाई से बचने के लिए फर्जी ई.वे बिल तैयार कर पुलिस और न्यायालय को गुमराह करता था। इस पूरे खेल के जरिए शासन को लाखों रुपए के जीएसटी राजस्व का नुकसान पहुंचाया जा रहा था। जानकारी के अनुसार 13 मार्च 2026 को थाना पुसौर में दर्ज रिपोर्ट की जांच के दौरान ट्रक चालक कुबेर यादव और सरोज भोई से पूछताछ की गई। दोनों ने बताया कि वे ओडिशा के बलांगीर क्षेत्र से स्क्रैप लोड कर रायगढ़ के पूंजीपथरा क्षेत्र ले जा रहे थे। जांच में नीरज अग्रवाल द्वारा प्रस्तुत टैक्स इनवॉइस और ई.वे बिल में गंभीर गड़बड़ियां मिलीं। दस्तावेजों में माल भेजने का स्थान अलग.अलग दर्शाया गया थाए, जिससे पुलिस को स्क्रैप चोरी और फर्जी दस्तावेजों के इस्तेमाल का संदेह हुआ। इसके बाद पुसौर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 318,2, 317,5, 3,5 के अंतर्गत मामला दर्ज कर विस्तृत विवेचना शुरू की गई। जांच के दौरान रायगढ़ पुलिस टीम ओड़िशा के भेडन थाना क्षेत्र स्थित मसौदी इंटरप्राइजेस पहुंची, जहां फर्म संचालक गुलाम हैदर और उसके भाई गुलाम मोहम्मद से पूछताछ की गई। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने खुलासा किया कि वे अलग.अलग कबाड़ व्यापारियों से स्क्रैप खरीदते थे और उसे ओडिशाए रायगढ़ तथा रायपुर के व्यापारियों को सप्लाई करते थे। कई बार यह स्क्रैप बिना वैध ई-वे बिल के भी भेजा जाता था। आरोपियों ने यह भी स्वीकार किया कि पुसौर पुलिस द्वारा ट्रक पकड़े जाने के बाद रायगढ़ निवासी नीरज अग्रवाल के कहने पर रातोंरात फर्जी ई.वे बिल तैयार कर व्हाट्सएप के जरिए भेजे गए थे, ताकि ट्रकों को वैध दस्तावेज दिखाकर छुड़ाया जा सके। पुलिस ने आरोपी गुलाम हैदर के कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोबाइल फोन और फर्म से जुड़े दस्तावेज जब्त किए हैं। प्रारंभिक जांच में यह भी सामने आया कि ई.वे बिल में समय संबंधी कूटरचना कर दस्तावेजों को पहले से जारी दिखाया गया था। पुलिस के अनुसार यह न केवल फर्जीवाड़ा है, बल्कि राज्य शासन को जीएसटी राजस्व की चोरी पहुंचाने का संगठित प्रयास भी है।

**आधा दर्जन गांवों में वन अमले ने कराई मुनादी, जंगल में नहीं जाने की अपील**

## 20 शावकों के साथ 51 हाथियों ने रोका रास्ता, थमे पहिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



**रायगढ़।** धरमजयगढ़ वनमंडल के छाल वनपरिक्षेत्र में बुधवार की शाम करीब 6 बजे हाथियों के एक बड़े दल ने करीब एक घंटे तक मुख्य मार्ग पर डेरा जमा लिया, जिसके कारण सड़क के दोनों ओर वाहनों के पहिए थम गए। बताया जा रहा है कि यह दल बोजिया से औरानारा की ओर जा रहा था। जैसे ही इस बात की जानकारी वन अमले और हाथी मित्र दल को हुई वे मौके पर पहुंचे और मोर्चा संभाला। इस दल में 20 शावकों के साथ करीब 51 हाथी शामिल थे।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार छाल वनपरिक्षेत्र में वर्तमान स्थिति में 70 हाथी अलग अलग इलाकों में विचरण कर रहे हैं, जिसमें 22 नग, 38 मादा और 10 शावक भी मौजूद हैं। चुंकि इस दल में मादा हाथियों की संख्या अधिक और शावक भी हैं, तो ऐसे में जरा सी लापरवाही स्थिति बिगाड़ सकती है। जानकार बताते हैं कि जिस दल में मादा हाथी अधिक हों और शावक मौजूद हों, उस दल की अगुवाई करने की जिम्मेदारी मादा हाथी की होती है और वह अपने शावकों की सुरक्षा को लेकर बड़े ही संवेदनशील और सतर्क होती हैं। जरा भी खतरा महसूस होने पर वह सीधे हमला कर देती हैं। यही वजह है कि संबंधित क्षेत्र के ग्रामवासियों को वन अमला मुनादी के माध्यम से जंगल की ओर जाने से रोकता है और हाथियों के करीब नहीं जाने की अपील करता है। बुधवार की शाम बोजिया से औरानारा की ओर करीब 51 हाथियों का बड़ा देखा गया था, जो मुख्य मार्ग पर आ गया और करीब एक घंटे तक यहीं पर डटा रहा। हाथियों को सड़क पर डेरा डाले देख, सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। हाथियों के जंगल की ओर जाने के बाद इस रास्ते पर आवागमन शुरू हो सका और स्थिति सामान्य हो पाई। इस दौरान वन अमले के क्षेत्रीय कर्मचारी और हाथी मित्र दल के सदस्य भी मौजूद रहे। इतनी बड़ी संख्या में हाथियों की मौजूदगी को देखते हुए वनअमले ने ग्राम बोजिया, चितापानी, पुसल्दा व खेदापाली सहित आधा दर्जन से अधिक गांवों में मुनादी कराते हुए हाथियों के एक बड़े दल की मौजूदगी की सूचना ग्रामीणों तक पहुंचाई है और सतर्क रहने के साथ ही जंगल की ओर जाने से बचने की अपील की गई है।

वहीं बताया जा रहा है कि छाल रेंज में ही धुआंपहाड़ी के पास गुरूवार की सुबह करीब 6 बजे दल से बिछड़े एक हाथी को देखा गया है, यह हाथी भी मुख्य मार्ग पार करने की कोशिश कर रहा था। किंतु कुछ देर सड़क किनारे विचरण करने के बाद वापस जंगल की ओर लौट गया।

## खबर संक्षेप

### 25 को प्लेसमेंट कैंप 110 पदों पर होगी भर्ती

**जशपुरनगर।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र जशपुर द्वारा 25 मई सोमवार को प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इस कैंप में चौतन्य इंडिया फिन क्रेडिट प्रा. लि. एवं बॉम्बे सिक्योरिटी गार्ड द्वारा कुल 110 रिक्त पदों पर भर्ती की जाएगी। कैंप 25 मई को प्रातः 11:00 बजे से जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र, जशपुर में आयोजित होगा। जिला रोजगार अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि चौतन्य इंडिया फिन क्रेडिट प्रा. लि. में सीआरई ग्राहक संबंध अधिकारी के महिला एवं पुरुष के 20 पदों पर रिक्तियां प्राप्त हुई हैं। इसी प्रकार बॉम्बे सिक्योरिटी गार्ड में पुरुषों के लिए सुरक्षा गार्ड के 60 और सुपरवाइजर के 30 पदों पर रिक्तियां प्राप्त हुई हैं।

### मवेशी को बचाने के चक्कर में सड़क पर गिरे बाइक सवार

**अम्बिकापुर।** कमलेश्वरपुर थाना अंतर्गत ग्राम बरिमा जूनापारा निवासी सुखनाथ आ. स्व. संजीवन (32 वर्ष) दो माह पूर्व ग्राम कछार निवासी जीजा पारसनाथ के यहां काम करने गया था। 13 मई को जीजा पारसनाथ के साथ बाइक से ग्राम कछार जा रहे थे। इसी दौरान मुख्य मार्ग पर मवेशी के आ जाने से बाइक से नियंत्रण खो बैठा जिससे अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गए। दुर्घटना में बाइक के पीछे बैठा सुखनाथ गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन घायल को रायपुर अस्पताल में भर्ती कराया। कुछ दिन इलाज कराने के पश्चात परिजन पैसा कम पड़ जाने पर युवक को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई।

### मकानों में भंडारित कर रखा गया 300 बोरी डीएपी खाद जब्त

**राजपुर।** खरीफ सीजन शुरू होने में अभी महीनों का समय है और अभी से ही माफिया व कोचिया खाद के अवैध भंडारण में व्यस्त हो गए है। कोचियों द्वारा इस खाद का उपयोग किसानों की मजबूरी का फायदा उठाकर मोटी कमाई करने के लिए किया जाएगा। अवैध रूप से खाद भंडारित करने का ऐसा ही एक मामला क्षेत्र में सामने आया है। बुधवार को अवैध खाद भंडारण की सूचना पर एसडीएम देवेंद्र प्रधान के निर्देशन में राजस्व एवं कृषि विभाग की संयुक्त टीम द्वारा ग्राम नरसिंहपुर में निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान अलग-अलग स्थानों पर बड़ी मात्रा में डीएपी खाद का अवैध भंडारण पाए जाने पर टीम ने कार्रवाई की। निरीक्षण के दौरान नरसिंहपुर बसंत जायसवाल, छत्रपाल तथा कमलावती जायसवाल के मकानों में 100-100 बोरी डीएपी खाद सहित कुल 300 बोरी खाद भंडारित पाया गया। संबंधित व्यक्तियों से खाद के संबंध में वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने पर कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया। पूछताछ में सभी ने उक्त खाद ग्राम खुखरी निवासी खाद विक्रेता संदीप जायसवाल का होना बताया।

### सब्जी नहीं बनाने को लेकर विवाद में की थी महिला की हत्या

**अंबिकापुर।** 19 मई की सुबह शहर के टीपी नगर कदमपारा स्थित किराए के मकान में एक महिला की अर्धनग्न लाश मिली थी। महिला की पहचान सीतापुर थाना क्षेत्र के ग्राम केरजु निवासी 32 वर्षीया सुखमनिया पति जमुना चिकवा के रूप में की गई जो किराए के मकान में पति और दो बच्चों के साथ रहती थी। घटना की सुबह ही पति के काम पर कुसमी जाने की बात भी सामने आई थी। मामले में महिला के चचेरे भाई जशपुर बगीचा निवासी कैलाश राम आ. अघनू ने पुलिस महिला के हत्या की आशंका व्यक्त की गई थी जिसके बाद पुलिस आरोपी की तलाश कर रही थी। इसके साथ ही बुधवार को पुलिस ने मृतिका का पीएम कराया जिसमें इस बात की पुष्टि हुई कि महिला की के पसली की हड्डी टूटी हुई थी और फेफड़ा फट गया था जिससे अंदरूनी रक्त स्त्राव हुआ था। पुलिस ने मामले में घेराबंदी कर आरोपी केरजु चैकी के कुमनसिया निवासी 35 वर्षीय जमुआ चिकवा आ. स्व. बिलास को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। आरोपी ने पुलिस को बताया कि महिला शराब पीने की आदि थी और शराब पीकर खाना नहीं बनाती थी। घटना दिवस की रात भी महिला ने सब्जी नहीं बनाई थी। रात को शराब पीने के बाद दोनों के बीच इसी बात को लेकर विवाद हुआ और विवाद में उसने महिला के छाती पर चढ़कर दबा दिया जिससे उसकी मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी डरकर भाग गया।

### जशपुर में कई निर्माण स्थलों का किया औचक निरीक्षण

# विकास कार्यों में तेजी लाने कलेक्टर ने विभिन्न स्थलों का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

कलेक्टर रोहित व्यास ने नगर पालिका जशपुर अंतर्गत चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों का औचक निरीक्षण कर प्रगति का जायजा लिया। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद भगत, सीएमओ योगेश्वर उपाध्याय सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने प्रमुख निर्माण स्थलों का निरीक्षण करते हुए कार्यों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर रोहित व्यास ने कहा कि शहर के विकास कार्यों में गुणवत्ता और समयबद्धता दोनों आवश्यक हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी परियोजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग कर आमजन को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। यह निरीक्षण शहर के समग्र विकास, स्वच्छता और नागरिक सुविधाओं को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। कलेक्टर ने रंजीता स्टेडियम के समीप जूदेव चौक में लगभग 60 लाख रुपये की लागत से हो रहे सौंदर्यीकरण कार्य का निरीक्षण किया। यहां आकर्षक फव्वारा, सूर्य नमस्कार की 12 मुद्राओं की प्रतिकृतियां स्थापित की जाएंगी। इसके साथ ही रोप लाइट से सुसज्जित पेड़, बड़ी घड़ी के साथ सेल्फी प्वाइंट, हरियाली, पेवर ब्लॉक, बैठने की व्यवस्था एवं गेट निर्माण के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि कार्य को भव्य और आकर्षक बनाते हुए बारिश से पहले पूर्ण किया जाए।

### जूदेव चौक सौंदर्यीकरण से लेकर ऑडिटोरियम, नालंदा परिसर और स्वच्छता केंद्र तक किया निरीक्षण



#### स्वच्छता प्रबंधन केंद्र का निरीक्षण

कलेक्टर ने एस.एल.आर.एम. (सॉलिड लिक्विड रिसोर्स मैनेजमेंट) कार्य प्रक्रिया केंद्र का निरीक्षण कर कचरा प्रबंधन की व्यवस्था का अवलोकन किया। यहां रिड्यूस, रीयूज़ और रिसाइकल तकनीक के माध्यम से कचरे की छंटाई की जा रही है। उन्होंने स्वच्छता दीदियों से बातचीत कर कार्यप्रणाली की जानकारी ली तथा उनके स्वास्थ्य परीक्षण और सुरक्षा उपायों की समीक्षा की। केंद्र में निष्ठा ऐप के माध्यम से उपस्थिति दर्ज की जा रही है तथा मास्क, दस्ताने, जूते, जैकेट जैसे व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरणों का उपयोग सुनिश्चित किया जा रहा है। डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण, कचरे का पृथक्कीकरण, धुलाई एवं साफ-सफाई, यूजर चार्ज कलेक्शन तथा सूखे कचरे की बिक्री की प्रक्रिया को व्यवस्थित रूप से संचालित किया जा रहा है। सेनेटरी वेस्ट के निपटान के लिए इंसीनरेटर की व्यवस्था भी की गई है।

#### बाधरकोना में 7 करोड़ का ऑडिटोरियम

कलेक्टर ने बाधरकोना में 7 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले 300 सीटर ऑडिटोरियम का निरीक्षण किया। उन्होंने फाउंडेशन कार्य शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश देते हुए तहसीलदार को निर्माण क्षेत्र का सीमांकन कर अवैध कब्जे हटाने के निर्देश दिए। इस ऑडिटोरियम के बनने से सांस्कृतिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों के आयोजन में शहरवासियों को बेहतर सुविधा मिलेगी।

#### मिलेगा आधुनिक अध्ययन केंद्र

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने 11 करोड़ रुपये की लागत से बन रहे 500 सीटर नालंदा परिसर का अवलोकन किया। उन्होंने कार्यों में तेजी लाने के निर्देश देते हुए कहा कि यह परिसर छात्रों को आधुनिक लाइब्रेरी, डिजिटल अध्ययन सुविधा एवं व्यवस्थित पढ़ाई का वातावरण प्रदान करेगा, जो युवाओं के भविष्य निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।



## आम नागरिकों को मिलेगी 400 प्रकार की डिजिटल सेवाएं

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ शासन के इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा प्रदेश के नागरिकों को 400 प्रकार की डिजिटल सेवाएं देने के ऐतिहासिक निर्णय के बाद, जिला प्रशासन जशपुर ने इसे जमीनी स्तर कार्य शुरू कर दिया है ।

कलेक्टर श्री रोहित व्यास के कुशल मार्गदर्शन और जिला ई-गवर्नेंस सोसाइटी (DeGS) के तत्वावधान में जशपुर, कांसाबेल और दूरस्थ पहाड़ी विकासखंड बगीचा के ग्राम पंचायत सचिवों हेतु श्सेवा-सेतु पोर्टलश (e-District 2.0) का एक दिवसीय सघन और विस्तृत तकनीकी प्रशिक्षण सत्र सफलतापूर्वक संपन्न हुआ तथा बचे हुए विकासखंड का प्रशिक्षण आगामी सप्ताह मे पूरा किया जाएगा । इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य जशपुर जिले के दूरस्थ ग्रामीण और जनजातीय अंचलों के अंतिम छोर पर बैठे नागरिक को बिना किसी विलंब के शासकीय सेवाओं का त्वरित लाभ प्रदान करना है। पंचायतों को मिली प्रशासनिक और डिजिटल शक्ति प्रशिक्षण सत्र के दौरान ज़िला ई-गवर्नेंस टीम द्वारा ग्राम पंचायत सचिवों को श्सेवा-सेतु पोर्टलश की बारीकियों से अवगत कराया गया। अब तक जिन कार्यों के लिए ग्रामीणों को ब्लॉक या जिला मुख्यालय की दौड़ लगानी पड़ती थी, वे कार्य अब ग्राम पंचायत लोक सेवा केंद्र से ऑनलाइन हल होंगे। प्रशिक्षण में सचिवों को मुख्य रूप से निम्नलिखित अनिवार्य नागरिक सेवाओं को ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से प्राप्त करने, जांचने और स्वीकृत करने की संपूर्ण लाइव प्रक्रिया सिखाई गईरू जिसमे मुख्य सर्विस विवाह पंजीकरण पत्र जारी करना भूखंड अथवा भवन पर निर्माण/पुनर्निर्माण हेतु आवश्यक अनापत्ति प्रमाण पत्र, ग्रामीण अधोसंरचना के तहत स्ट्रीट लाइट (बल्ब एवं ट्यूबलाइट बदलना) संबंधी शिकायत एवं निवारण प्रणाली एवं ग्राम पंचायतों में आवश्यक साफ-सफाई व्यवस्था के ऑनलाइन अनुश्रवण व प्रबंधन की प्रक्रिया।

## शिक्षा गुणवत्ता सुधार के लिए हुई बैठक



**पत्थलगांव।** विकासखंड स्तरीय शिक्षा गुणवत्ता सुधार हेतु 21 मई को बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक, माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक हाई हायर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य एवं शैक्षिक सामान्यक को शामिल किया गया। सभी के सहयोग से सत्र 2026 27 में विद्यालयों के पंजी संधारण में एकरूपता लाने, संकुल स्तर से निरीक्षण में कसावट लाने एवं बच्चों के शैक्षणिक गुणवत्ता में वृद्धि करना तथा दर्ज संख्या बढ़ाने पर चर्चा कर रणनीति बनाई गई। शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार करने के लिए सबसे पहले विद्यालयों में दर्ज संख्या बढ़ाने बच्चों की नियमित उपस्थिति तथा अभिभावकों से नियमित संपर्क करने पर जोर दिया गया है। विकासखंड शिक्षा अधिकारी और बीआरसीसी उपस्थित थे।

## जनजातीय गरिमा उत्सव में शामिल हुईं विधायक गोमती साय

**पत्थलगांव।** ग्राम पंचायत घरजियाबथान एवं ग्राम जोरा डोल में आयोजित जनजातीय गरिमा उत्सव में विधायक गोमती साय शामिल हुईं। इस दौरान ग्रामीणों को हेल्थ स्क्रीनिंग केम्प, आधार कैम्प, आयुष्मान कार्ड के केम्प लगाकर लाभ दिया गया।

जन जातीय गरिमा उत्सव में 3 हितग्राहियों को पेंशन दिया गया। 3 राशन कार्ड वितरण एवं पौधरोपण किया गया। कार्यक्रम में विधायक गोमती साय, जनपद अध्यक्ष घनियारो परहा जिला पंचायत सदस्य सुरचि पैकरा जनपद सदस्य चौहान शहर मण्डल अध्यक्ष अंकित



बसल एसडीएम ऋतुराज बिसेन तहसीदार भीष्म पटेल जनपद सीईओ केके श्रीवास, फूड आफिसर अजय प्रधान, ग्राम विकास अधिकारी धनेश टेंगवार पीओ घनश्याम सहित सभी विभाग के कर्मचारी एवं 18 ग्राम पंचायत के सरपंच उपसरपंच क्षेत्र के जनप्रति निधि एवं भारी संख्या में ग्रामीण जन जन जातीय गरिमा उत्सव में केंद्रीय के जन कल्याणकारी योजनाओं के लाभ लेने उपस्थित रहे।

## प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना से माताओं को मिल रहा संबल



**रायगढ़।** महिलाओं एवं बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर में सुधार के उद्देश्य से संचालित प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना जिले की महिलाओं के लिए वरदान साबित हो रही है। योजना के माध्यम से गर्भवती एवं स्तनपान कराने वाली माताओं को आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है, जिससे उन्हें गर्भावस्था एवं शिशु देखभाल के दौरान आवश्यक सुविधाएं प्राप्त हो रही हैं। रायगढ़ की हितग्राही ज्योति चौहान ने बताया कि उन्हें प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत पहली किस्त में 3 हजार रुपए एवं दूसरी किस्त में 2 हजार रुपए की सहायता राशि प्राप्त हुई। उन्होंने बताया कि इस राशि का उपयोग बच्चे के पोषण, स्वास्थ्य देखभाल एवं अन्य आवश्यक जरूरतों को पूरा करने में किया जा रहा है। उन्होंने शासन की इस योजना को माताओं के लिए अत्यंत उपयोगी बताते हुए कहा कि इससे आर्थिक सहयोग के साथ स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता भी बढ़ी है। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के अंतर्गत गर्भवती महिलाओं का पंजीयन गर्भावस्था के प्रारंभिक चरण में कराया जाता है। योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए महिला को गर्भावस्था के 6 माह के भीतर पंजीयन कराना आवश्यक होता है।

## एचपीवी टीकाकरण को लेकर जागरूकता अभियान, नुक्कड़ नाटक से दूर की गई भ्रांतियां

**रायगढ़।** सुशासन तिहार अंतर्गत जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन शहरी क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 14 गौशाला पारा स्थित सामुदायिक भवन में किया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग एवं मितानिन कार्यकर्ताओं द्वारा संयुक्त रूप से नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर एचपीवी ह्यूमन पैपिलोमा वायरस वैक्सीन की उपयोगिता के बारे में लोगों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में वैक्सीन से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करते हुए सर्वाइकल कैंसर से बचाव में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका बताई गई। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जानकारी दी गई कि रायगढ़ जिले में स्थापित कोल्ड चैन प्वाइंट शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रामभांठा, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र गांधीनगर जूटमिल, किरोड़ीमल शासकीय जिला चिकित्सालय, मेडिकल कॉलेज रायगढ़ सहित जिले के सभी सीएचसी एवं पीएचसी में एचपीवी टीकाकरण किया जा रहा है। केन्द्र एवं राज्य सरकार की प्राथमिकताओं के अनुरूप 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग 15 वर्ष पूर्ण न की होद्ध की किशोरियों का शत.प्रतिशत टीकाकरण करने का लक्ष्य रखा गया है। इसी क्रम में 19 मई को शहरी क्षेत्र में कुल 18 बालिकाओं का एचपीवी टीकाकरण किया गया। जिले में अब तक कुल 2700 बालिकाओं को यह टीका लगाया जा चुका है। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. भानुप्रताप पटेल, जिला कार्यक्रम प्रबंधक रंजना पैंकरा एवं शहरी कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. सोनाली मेश्राम के मार्गदर्शन में जिले में एचपीवी टीकाकरण अभियान निरंतर संचालित किया जा रहा है। रायगढ़ जिले में प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों एवं मैदानी स्वास्थ्य



कार्यकर्ताओं, एएनएम, एमपी डब्ल्यू क्षेत्र समन्वयक शहरी, मितानिन प्रशिक्षक एवं मितानिनों द्वारा घर घर जाकर किशोरियों के एचपीवी टीकाकरण हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। मेडिकल कॉलेज, जिला अस्पताल, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रामभांठा, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र गांधीनगर सहित जिले के सभी सीएचसी एवं पीएचसी में यह वैक्सीन निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही है।

### छाल पुलिस की रेड में ड्रामा, महिला आरक्षक से हुई धक्का-मुक्की

**कुड़ेकेला।** अवैध शराब के काले कारोबार पर नकेल कसने पहुंची पुलिस के साथ उलझना एक मां बेटे को भारी पड़ गया। छाल थाना क्षेत्र के महाराणा प्रताप चौक पर लंबे समय से चल रहे अवैध शराब के धंधे पर जब पुलिस ने कानूनी दबिश दी तो आरोपियों ने न सिर्फ सरकारी काम में अड़ंगा डाला बल्कि महिला आरक्षक के साथ बदसलूकी और धक्का मुक्की भी कर डाली। पुलिस ने भी कड़ा रुख अख्तियार करते हुए दोनों को गिरफ्तार कर सीधे जेल की सलाखों के पीछे भेज दिया है। महाराणा प्रताप चौक इलाके में लंबे समय से हाथ भट्ठी और विदेशी शराब की अवैध बिक्री की शिकायतें ग्रामीणों द्वारा पुलिस को मिल रही थीं। माहौल खराब होता देख छाल पुलिस ने महिला के घर दबिश दी। जैसे ही पुलिस टीम आरोपी महिला के घर के बाहर पहुंची अंदर हड़कंप मच गया। पुलिस के भीतर दाखिल होने से ठीक पहले मां बेटे ने आनन फानन में पास रखे अवैध शराब के जखीरे पर पानी फेर दिया ताकि सबूत मिटाया जा सके।

## कांदुरपाली में आयोजित सुशासन तिहार में ग्रामीणों ने लिया भाग

**बरमकेला।** सरिया तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत कांदुरपाली में 20 मई को आयोजित सुशासन तिहार शिविर ग्रामीणों के लिए काफी लाभकारी साबित हुआ। शासन की जनहितकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने एवं प्रशासनिक सेवाओं को सरल और सुलभ बनाने के उद्देश्य से लगाए गए इस शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर अपनी समस्याएं एवं आवेदन प्रस्तुत किए।

शिविर में राजस्व विभाग की ओर से विभिन्न राजस्व संबंधी सेवाओं का त्वरित निराकरण करते हुए पात्र हितग्राहियों को मौके पर ही आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराए गए। कार्यक्रम के दौरान 24 किसानों को नामांतरण उपरांत डिजिटल किसान किताब प्रदान की गई। साथ ही फौती उपरांत बी.1 एवं खसरा दस्तावेज भी किसानों को वितरित किए गए, जिससे ग्रामीणों में संतोष देखा गया। इसके अलावा 09



हितग्राहियों को आय एवं निवास प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इस प्रकार कुल 33 हितग्राहियों को राजस्व विभाग से संबंधित आवश्यक दस्तावेज मौके पर उपलब्ध कराए गए। शिविर में पहुंचे ग्रामीणों ने शासन की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि गांव स्तर पर इस प्रकार के शिविर आयोजित होने से आम लोगों को बड़ी राहत मिलती है। विशेष रूप से आयए निवास एवं जाति प्रमाण पत्र जैसे महत्वपूर्ण दस्तावेज समय पर प्राप्त होने से विद्यार्थियों, किसानों एवं जरूरतमंद परिवारों को काफी सुविधा मिलती है। आय एवं जाति प्रमाण पत्र प्राप्त करने वाले हितग्राहियों ने तत्काल दस्तावेज मिलने पर मुख्यमंत्री एवं जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। ग्रामीणों ने कहा कि सुशासन तिहार जैसे आयोजन प्रशासन और जनता के बीच विश्वास को मजबूत करने का कार्य कर रहे हैं।

### वैज्ञानिकों ने बताया- आधुनिक खेती से बढ़ेगी आमदनी

# विकसित कृषि संकल्प अभियान में उमड़े किसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

खेती को लाभ का धंधा बनाने और किसानों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से जिले में चलाया गया "विकसित कृषि संकल्प अभियान"किसानों के लिए नई उम्मीद लेकर आया। 5 मई से 20 मई तक चले इस विशेष अभियान में जिले के सभी विकासखंडों के हजारों किसानों तक सरकार की योजनाओं, आधुनिक खेती की तकनीकों और कृषि नवाचारों की जानकारी पहुंचाई गई। अभियान में किसानों का उत्साह ऐसा रहा कि गांव-गांव में आयोजित कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में किसान, जनप्रतिनिधि और सरपंच शामिल हुए। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के मार्गदर्शन में संचालित इस अभियान का आयोजन कृषि विभाग, पशुपालन विभाग, मत्स्य विभाग, उद्यानिकी विभाग, कृषि महाविद्यालय जशपुर और कृषि विज्ञान केंद्र जशपुर के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। अभियान का मुख्य उद्देश्य किसानों को पारंपरिक खेती से आगे बढ़ाकर वैज्ञानिक और तकनीकी खेती से जोड़ना रहा।



#### हर किसान का बने किसान क्रेडिट कार्ड

अनुविभागीय कृषि अधिकारी राकेश पैंकरा ने किसानों से शत-प्रतिशत किसान क्रेडिट कार्ड बनवाने की अपील करते हुए कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ लेने के लिए किसानों का पंजीकृत होना जरूरी है। उन्होंने पीएम किसान सम्मान निधि योजना से वंचित किसानों को जल्द पंजीयन कराने और किसी भी त्रुटि के सुधार के लिए कृषि विभाग से संपर्क करने की सलाह दी।

#### किसानों को बताया- कम लागत में ज्यादा उत्पादन का तरीका

अभियान के दौरान कृषि विज्ञान केंद्र जशपुर के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख राकेश कुमार भगत ने किसानों को आधुनिक खेती के तौर- तरीकों की जानकारी देते हुए कहा कि अब समय बदल चुका है और खेती में विज्ञान को अपनाए बिना बेहतर उत्पादन संभव नहीं है। उन्होंने किसानों को प्राकृतिक खेती, समन्वित कृषि प्रणाली और उन्नत तकनीकों के उपयोग से उत्पादन बढ़ाने के तरीके बताए।

#### संतुलित उर्वरक उपयोग की जानकारी

विषय वस्तु विशेषज्ञ प्रदीप कुजूर, डॉ. छत्रपाल सिंह पुहुप और डॉ. नागेंद्र कुमार ने किसानों को फसल प्रबंधन, उन्नत बीज, जैविक खेती और संतुलित उर्वरक उपयोग की जानकारी दी। वैज्ञानिकों ने कहा कि रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम कर ढैंचा और नील हरित शैवाल जैसे वैकल्पिक स्रोतों का उपयोग करने से मिट्टी की उर्वरा शक्ति बढ़ेगी और लागत भी घटेगी।

## सोनगरा बाजार में टला बड़ा हादसा खड़ी बोलेरो बनी आग का गोला

**सोनगरा।** सोनगरा साप्ताहिक बाजार में बुधवार को उस समय अफरा-तफरी की स्थिति निर्मित हो गई जब बाजार के बीच खड़ी एक बोलेरो अचानक आग लग गई। देखते ही देखते बोलेरो धू धू कर जलने लगी जिससे पूरे इलाके में भगदड़ जैसी स्थिति बन गई और लोग जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। इसी बीच कुछ ग्रामीणों ने सूझबूझ का परिचय देते हुए वाहन में बैठे मासूम को सुरक्षित बाहर निकाला जिससे एक बड़ी घटना टल गई।

जानकारी के अनुसार बोलेरो क्रमांक सीजी 14 एमसी 6286 जिसे चिकनी धरमपुर पार्ट बहरा निवासी रामजीवन आ. अर्जुन चला रहा था। चालक वाहन लेकर अम्बिकापुर से सोनगरा बाजार पहुंचा और वाहन को सड़क किनारे खड़ा गर सब्जी खरीदने चला गया जबकि वाहन में तीन वर्षीय मासूम तनुज आ.फिटुल मौजूद था। इसी बीच अचानक वाहन से धुआं निकलने लगा और कुछ ही क्षणों में बोलेरो आग के विशाल गोले में तब्दील हो गई। घटना का सबसे भयावह पहलू यह रहा कि वाहन के अंदर तीन वर्षीय मासूम तनुज आ. फिटुल मौजूद था। इधर वाहन में आग लगने से पहले जैसे ही लोगों की नजर गाड़ी पर पड़ी, ग्रामीणों ने बिना समय गंवाए जान जोखिम में डालकर बच्चे को बाहर निकाला। ग्रामीणों की तत्परता और साहस से मासूम की जान बच गई, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। आग इतनी भीषण थी कि कुछ ही देर में बोलेरो पूरी तरह जल गई। हालांकि मौके पर मौजूद लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक लपटें विकराल रूप ले चुकी थीं। घटना की सूचना मिलते ही भटगांव पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और हालात को नियंत्रित किया।



# कश्मीर की वादियों में शूटिंग कर रहे कार्तिक, कबीर के साथ फिर बनी जोड़ी

**मुंबई।** अभिनेता कार्तिक आर्यन इन दिनों अपनी आगामी फिल्म की शूटिंग में व्यस्त हैं। कार्तिक एक बार फिर 'चंदू चैंपियन' के बाद निर्देशक कबीर खान के साथ शूटिंग कर रहे हैं। शूटिंग इन दिनों जम्मू-कश्मीर में चल रही है। अब शूटिंग के सेट से कार्तिक आर्यन का एक वीडियो सामने आया है। इसमें कार्तिक सेट पर घूमते नजर आ रहे हैं। फिल्म की शूटिंग के दौरान सेट से जो वीडियो सामने आया है, उसमें कार्तिक आर्यन सर्दी से बचने के लिए सिर पर कैप (टोपी) लगाए और कश्मीरी फेरन (बड़ा सा ओवरकोट) पहने नजर आ रहे हैं। कार्तिक सेट पर गंभीर मुद्रा में टहलते नजर आ रहे हैं। जबकि सेट पर फिल्म से जुड़े अन्य लोग भी दिखाई दे रहे हैं। हालांकि, फिल्म को लेकर अभी कोई अधिक जानकारी सामने नहीं आई है।

लाइफ Style



# जैकलीन

## स्ट्रैपलेस ब्लैक मिनी ड्रेस में ढाया कहर

एजेंसी ▶▶ मुंबई

इस साल 12 मई से शुरू हुआ कान फिल्म फेस्टिवल अब अपने समापन की तरफ है। यह फेस्टिवल 23 मई तक चलेगा। आलिया भट्ट से हुमा कुरैशी तक, कई भारतीय एक्ट्रेस ने इस प्रतिष्ठित फिल्म समारोह में अपनी शानदार उपस्थिति दर्ज कराई है।

कई बॉलीवुड एक्ट्रेसेस के बाद जैकलीन फर्नांडीज भी कान फिल्म फेस्टिवल में शिरकत की है। पिछले साल भी वह इस इवेंट में शामिल हुईं। इस बार कान फेस्टिवल में उनका लुक सोशल मीडिया पर खूब सुर्खियां बटोर रहा है। जैकलीन फर्नांडिज ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर कान फिल्म फेस्टिवल से अपनी कई ग्लैमरस तस्वीरें साझा की हैं। अलग-अलग दिलकश पोज देते हुए जैकलीन ने फोटो क्लिक करवाई हैं। जैकलीन ने स्ट्रैपलेस ब्लैक मिनी ड्रेस इस इवेंट के लिए पहनी है। इस हॉट ड्रेस में एक्ट्रेस को देखकर फैंस उन पर फिदा हो गए हैं। अपने इस लुक को और भी स्टनिंग बनाने के लिए जैकलीन ने स्माई आई मेकअप किया है। न्यूट्रल शेड की लिपस्टिक लगाई है। जैकलीन ने हेयरस्टाइल ना बनाकर बालों को खुला रखा है और ड्रेस के साथ डायमंड नेकलेस और मैचिंग डायमंड ब्रेसलेट पहना है। जैकलीन की दिलकश तस्वीरों को फैंस के अलावा दिशा पाटनी, सोनम बाजवा और अनुष्का दांडेकर जैसी एक्ट्रेस ने भी लाइक किया है। जैकलीन फर्नांडीज के वर्क फ्रंट की बात करें तो वह पिछले साल फिल्म 'फतेह' में नजर आईं। हाल ही में वह फिल्म 'हाउसफुल 5' में दिखीं।

हॉलीवुड मसाला



# डॉक्यूमेंट्री रिलीज पर हुईं भावुक

**लॉस एंजिल्स।** पॉप स्टार काइली मिनोग ने अपनी डॉक्यूमेंट्री 'काइली' में अपने जीवन से जुड़ी कई बड़ी बातों का खुलासा किया है। डॉक्यूमेंट्री के लॉन्च इवेंट पर काइली भावुक हो गईं। उन्होंने पूर्व में हुई गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं को याद किया और स्तन कैंसर जैसी खतरनाक बीमारी से निजी तौर पर लड़ने के बारे में साझा किया। इस डॉक्यूमेंट्री में काइली ने बताया कि वो एक बार नहीं, बल्कि दो बार कैंसर से लड़ चुकी हैं। वह दूसरी बार 2021 में इस बीमारी से पीड़ित हुई थीं।



# जॉन ने जताई धुरंधर देखने की ख्वाहिश...

**लॉस एंजिल्स।** रणवीर सिंह की फिल्म 'धुरंधर' के पहले और दूसरे दोनों पार्ट ने खूब धमाल मचाया है। देश ही नहीं, विदेशों तक इस फ्रेंचाईजी का हल्ला रहा। इस बीच हाल ही में हॉलीवुड एक्टर एक्टर जॉन क्रांसिस्की ने 'धुरंधर' देखने की ख्वाहिश जताई है। बता दें कि जॉन क्रासिंस्की इन दिनों अपनी हालिया रिलीज फिल्म 'जैक रायन- द घोस्ट' को लेकर सुर्खियों में हैं। यह फिल्म हाल ही में प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई है। फिल्म में जॉन ने स्पाई की भूमिका अदा की है। उनका किरदार कुछ ऐसा ही है, जैसा फिल्म 'धुरंधर द रिवेंज' में रणवीर सिंह का है। रणवीर ने 'धुरंधर 2' में हमजा अली मजारी/ जसकीरत सिंह रंगी की भूमिका अदा की है, जो अपने देश की खातिर अपनी जिंदगी दांव पर लगा देता है। जॉन ने भारतीय सिनेमा को सबसे आधुनिक फिल्ममेकिंग में से एक बताया और इस इंडस्ट्री से आ रहे काम की तारीफ की।



# अली की फिल्म में अहान की एंट्री

**मुंबई।** अहान पांडे की रोमांटिक ड्रामा हिट फिल्म 'सैयारा' के बाद से ही फैंस उनकी आगामी फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अहान जल्द ही पहली बार बड़े पर्दे पर एक अलग तरह के किरदार में नजर आएंगे। इस फिल्म का निर्देशन अली अब्बास जफर करेंगे। अहान पांडे ने अपनी पहली ही फिल्म 'सैयारा' से बॉलीवुड में एक रोमांटिक हीरो के रूप में अपनी खास पहचान बना ली है। आज की युवा पीढ़ी उनकी दीवानी हो चुकी है। इस फिल्म से पहले अहान का एक वेडिंग डांस वीडियो यूट्यूब पर काफी वायरल हुआ था, जिसे 46 मिलियन (4.6 करोड़) से ज्यादा बार देखा गया। इस वीडियो में वह अलाना पांडे की शादी में अनन्या पांडे के साथ 'सात समुंदर पार' और अकेले 'आई एम द बेस्ट' गाने पर नाचते हुए दिखे थे।



# परिणीता की वजह से मिली है हैवान...

**नई दिल्ली।** सैफ अली खान इन दिनों फिल्म कर्तव्य' को लेकर सुर्खियों में हैं, जो ओटीटी पर रिलीज हुई है। इसके अलावा उनकी झोली में फिल्म हैवान है, जिसमें वे अक्षय कुमार के साथ नजर आएंगे। फिल्म के निर्देशक प्रियदर्शन हैं। अक्सर कहा जाता है कि नींव मजबूत हो तो आगे की इमारत अपने आप मजबूत हो जाती है। यही बात इंसान की परफॉर्मेंस पर भी लागू होती है। शानदार काम ही भविष्य में और काम दिलाने में मददगार होता है। ऐसा ही किस्सा सैफ अली खान से जुड़ा है। अभिनेता को अपनी आगामी फिल्म 'हैवान' अपनी ही एक 20 साल पुरानी फिल्म 'परिणीता' में दमदार परफॉर्मेंस के कारण मिली। सैफ अली खान के मुताबिक, साल 2005 में आई फिल्म 'परिणीता' में उनकी भूमिका और अभिनय ने उन्हें प्रियदर्शन की 'हैवान' दिलाने में मदद की।

टीवी मसाला



# केपटाउन में खतरों के खिलाड़ी 15 की शूटिंग शुरू

**नई दिल्ली।** टीवी का सबसे पॉपुलर स्टंट बेस्ड रियलिटी शो खतरों के खिलाड़ी सीजन 15 जल्द ही शुरू होने वाला है। पिछले साल 15वां सीजन नहीं आ पाया था। अब दो साल के इंतजार के बाद शो शुरू होने के नजदीक है। खतरों के खिलाड़ी सीजन 15 की अनाउंसमेंट काफी पहले ही हो चुकी है। साथ ही शो के सभी कंटेस्टेंट्स का नाम भी रिवील कर दिया गया है। हाल ही में, एक इवेंट में सारे खिलाड़ी एक साथ नजर आए थे। अब सभी केपटाउन भी पहुंच गए हैं। खतरों के खिलाड़ी 15 की शूटिंग साउथ अफ्रीका के केप टाउन में हो रही है। इस शहर में पहले भी शूटिंग हो चुकी है। एक बार फिर खिलाड़ी अपना इस शहर में खतरों से खेलेंगे। शो की शूटिंग भी शुरू हो गई है। स्टंट शो से जुड़े कंटेस्टेंट्स एक के बाद एक फोटोज केप टाउन से शेयर कर रहे हैं। रुबीना दिलैक ने अपनी तस्वीरें शेयर करते हुए एक ऐसा कैप्शन दिया था जो खतरों के खिलाड़ी 15 की ओर हिंट करता है। उन्होंने लिखा, "तूफान से पहले की शांति... अभी या कभी नहीं।" वहीं बाकी कंटेस्टेंट्स भी केप टाउन से तस्वीरें और वीडियोज शेयर कर रहे हैं। रोहित शेट्टी होस्टेड स्टंट शो के नए सीजन की खास बात यह है कि इस बार पुराने कंटेस्टेंट्स भी शो का हिस्सा हैं। इस बार खतरों से खेलने वाले कंटेस्टेंट्स की लिस्ट में रुबीना दिलैक, फरहाना भट्ट, गौरव खन्ना, करण वाही, रित्विक धनजानी, हर्ष गुजराल, ओरी, जैस्मिन भसीन, शगुन शर्मा, अविनाश मिश्रा, रुहानिका धवन, अविका गौर, विशाल आदित्य सिंह हैं।

## ट्रेन टिकट स्कैम का पर्दाफाश करेंगे मुन्ना भैया

**नई दिल्ली।** आम जनमानस की समस्याओं से जुड़ी कहानियों को सिनेमा में अक्सर दिखाया जाता रहा है, जिसमें कई किस्म की धांधली के किस्से भी शामिल हैं। वर्तमान में लोगों के लिए ट्रेन के तत्काल आरक्षित टिकट पाना भी एक बड़ी चुनौती होती है। ऐसे में फिल्म सत्यप्रेम की कथा के निर्देशक समीर विद्वांस ने इस विषय पर वेब सीरीज वेटिंग है बनाई है। इस शो में अभिनेता दिव्येंदु शर्मा के साथ यशपाल शर्मा, भुवन अरोड़ा, कुमुद मिश्रा, हर्षिता गौर और विजय मौर्या जैसे कलाकार अहम भूमिकाओं में होंगे। वेटिंग है वेब सीरीज को जल्द ही अमेजन एमएक्स प्लेयर पर प्रदर्शित किया जाएगा। शो से जुड़े सूत्रों के अनुसार, शो की शूटिंग पूरी हो चुकी है और पोस्ट प्रोडक्शन का काम भी लगभग पूरा हो चुका है। यह शो तत्काल ट्रेन टिकट के आरक्षण में होने वाली धांधली पर आधारित है। माना जा रह है कि वेटिंग है सीरीज के निर्माताओं की तरफ से जल्द ही इस शो की रिलीज डेट की आधिकारिक घोषणा की जा सकती है।



# 'खुदा की एक महर है मुझ पर ट्रिगर दबाकर अफसोस नहीं करता'

**मुंबई।** साउथ के सुपरस्टार जूनियर एनटीआर उर्फ तारक ने मंगलवार को अपना 43वां जन्मदिन मनाया। इस मौके पर उनकी अपकमिंग फिल्म 'ड्रैगन' के मेकर्स ने फिल्म की एक झलक फैंस के साथ साझा की है। साढ़े 4 मिनट की इस फर्स्ट ग्लिम्प्स से फिल्म की कहानी के बारे में काफी कुछ अंदाजा लगाया जा सकता है। वैसे तो इस टीजर में काफी कुछ खास है पर सबसे ज्यादा खास है जूनियर एनटीआर की झलक, जिसने फैंस की उत्सुकता बढ़ा दी है। चार मिनट 29 सेकेंड के फर्स्ट ग्लिम्प्स में दिखाया गया है कि अंग्रेज भारत में आए तो मसालों और स्टील का कारोबार करने के लिए थे, लेकिन यहां उन्होंने अफीम और फिर हेरोइन की खेती करनी शुरू कर दी। वो यहां हेरोइन उगाते थे और पूरी दुनिया में इसका कारोबार करते थे। जब वो देश छोड़कर चले गए तो यहां हेरोइन के कारोबार के लिए संघर्ष होता रहा। फर्स्ट ग्लिम्प्स में जूनियर एनटीआर को एक विलेन के रूप में दिखाया गया है। वो अफगान ट्रेडिंग कंपनी के प्रमुख हत्यारे लूगर बने हैं। वह इतने खतरनाक रोल में हैं कि उन्हें पता नहीं कि उन्होंने अब तक कितने मर्डर किए हैं। मेकर्स ने उन्हें खुदा के हाथों बनाए शैतान की तरह



इंट्रोड्यूस किया। ट्रेलर में उनका एक डायलागॅ है, 'खुदा की एक महर है मुझ पर.. ट्रिगर दबाकर अफसोस नहीं करता।' वहीं, एक और सीन में वो कहते हैं, 'सोते वक्त सपने में उनकी शक्ल नहीं आती जिनको मारा है। सिर्फ उनकी आती है जो अभी तक बचे हैं। भटकते हुए भी मेरे सपनों में मत आ जाना..।' फिल्म 'ड्रैगन' एक पैन इंडिया फिल्म है, जो एक्शन से भरपूर होगी। इसका निर्देशन प्रशांत नील कर रहे हैं। इस फिल्म में जूनियर एनटीआर अहम किरदार में हैं। फिल्म को बनाने में बड़ा बजट लगा है। यह फिल्म अगले साल यानी 11 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। वहीं, इस फर्स्ट ग्लिम्प्स के अंत में अनिल कपूर की झलक सामने आती है। वो इसमें एक हीरो के रोल में हैं। फिल्म में अनिल, नारकोटिक्स ब्यूरो के प्रमुख रघुवीर राठौड़ के किरदार में नजर आएंगे। इसके अलावा बीजू मेनन और रुक्मिणी वसंत समेत कई कलाकार होंगे। इस फिल्म की झलक सामने आने के बाद से एनटीआर फिर चर्चा में हैं। वो इससे पहले भी कई फिल्मों में अपना लुक बदल चुके हैं। कभी वो फिट तो कभी फैंटास्टिक नजर आए हैं पर एक्टर का यह लुक तो जरूरत से ज्यादा लीन है। यहां वो कई सीन में पहचान में भी नहीं आ रहे।

# ऑफ कैंपस की एक्ट्रेस मिका ने दिलाई महिमा की याद...

**मुंबई।** प्राइम वीडियो पर आई नई सीरीज 'ऑफ कैंपस' इन दिनों सोशल मीडिया पर जबरदस्त चर्चा में बना हुआ है। 13 मई को रिलीज हुई इस सीरीज को दर्शकों का खूब प्यार मिल रहा है। शो की लव स्टोरी और लीड एक्टर्स की केमिस्ट्री के अलावा एक और चीज ने फैंस का ध्यान खींच लिया है, और वो हैं एल्ली हेज का किरदार निभाने वाली एक्ट्रेस मिका अब्दल्ला। सोशल मीडिया पर कई लोग मान रहे हैं कि मिका की शक्ल बॉलीवुड एक्ट्रेस महिमा चौधरी से काफी मिलती-जुलती है। एक इंस्टाग्राम यूजर ने शो का एक वीडियो शेयर करते हुए लिखा, 'प्लॉट ट्विस्टः महिमा चौधरी की असली बेटी तो 'ऑफ कैंपस' में हैं।' इसके साथ उन्होंने महिमा की पुरानी



तस्वीरें भी शेयर कीं। इस पोस्ट के बाद फैंस के कमेंट्स की बाढ़ आ गई। एक यूजर ने लिखा, 'मुझे भी बिल्कुल यही लगा, वो महिमा चौधरी की कॉपी लगती हैं।' वहीं, दूसरे ने कहा, 'उसका साइड लुक बिल्कुल महिमा जैसा है।' एक और फैन ने मजाकिया अंदाज में लिखा, 'अगर हैना मॉन्टेना और महिमा चौधरी का बच्चा होता, तो शायद ऐसा दिखता।' कई लोगों ने तो उन्हें फिल्म परदेस वाली महिमा चौधरी का डुप्लीकेट तक बता दिया। बता दें कि मिका अब्दल्ला एक मशहूर अमेरिकी एक्ट्रेस हैं, जिन्होंने नेटफ्लिक्स की सीरीज 'प्रोजेक्ट एमसी 2 से पहचान बनाई थी।

## बदनसीब बाप बने थे पृथ्वीराज, रामायण की मंथरा थी क्रूर सास

# 76 साल पहले दहेज प्रथा पर बनी थी पहली भारतीय फिल्म

*नई दिल्ली। हमारे देश में दहेज प्रथा सदियों से समाज का हिस्सा है। यह समाज का एक ऐसा अभिशाप है जिसने ना जाने कितनी बेटियों के सपनों और जिंदगियों को तबाह किया है। भले ही आज एआई का युग है और 21वीं सदी में हम जी रहे हैं, लेकिन दहेज की बेड़ियों से अबतक हम मुक्त नहीं हो पाए हैं। भारतीय सिनेमा ने समय-समय पर इस गंभीर मुद्दे को बड़े परदे पर उतारकर समाज को आईना दिखाया है। इसी का उदाहरण है वो फिल्म जो आज से करीब 76 साल पहले सिनेमा में आई थी।*



### कई सितारे आए फिल्म में नजर

इस फिल्म में पृथ्वीराज कपूर मुख्य भूमिका में थे। फिल्म में उन्होंने ठाकुर साहब का किरदार निभाया था। इसके अलावा फिल्म में उनकी बेटी के किरदार में दिखीं अभिनेत्री जयश्री। करण दीवान फिल्म में जयश्री के पति की भूमिका में दिखे। फिल्म में ललिता पवार भी नजर आईं, जिन्होंने एक बेहद ही क्रूर सास का किरदार निभाया था। वहीं, फिल्म में अभिनेता उल्हास ललिता पवार के पति की भूमिका में नजर आए थे। फिल्म की कहानी दिल को छू लेने वाली थी।

### जब सिनेमा ने दिखाई दहेज प्रथा की कहानी

दहेज उस लालच का नाम है जो एक हंसती-खेलती बेटी के बाबुल का घर भी उजाड़ देता है और विदा होकर गई ससुराल में उसका दम भी घोंट देता है। साल 1950 में दहेज प्रथा पर एक फिल्म आई और फिल्म का नाम था 'दहेज'। शायद ये हिंदी सिनेमा की वो पहली फिल्म थी, जिसने समाज की उस कुरीति को उस दौर में उजागर किया था। लखनऊ की पृष्ठभूमि पर बनी इस फिल्म को महान फिल्ममेकर वी.शांताराम ने बनाया था। वी.शांताराम हमेशा से ही अलग तरह के सिनेमा के लिए जाने गए, लेकिन उन्होंने जब दहेज फिल्म बनाई तो इसकी भी खूब चर्चा हुई।

### क्या थी फिल्म की कहानी?

इस फिल्म की कहानी एक बूढ़े बाप की होती है, जो अपनी बेटी चंदा (जयश्री) की शादी एक वकील के बेटे के साथ कर दी जाती है। ससुराल पहुंचने पर, दहेज न लाने के कारण चंदा की सास (ललिता पवार) और परिवार के अन्य सदस्य उसे ताने मारते हैं और प्रताड़ति करने लगते हैं। इसके बाद उनकी बेटी की जिंदगी में कई मुश्किलें आती हैं। सास के अत्याचार से बेटी खूब परेशान रहती है। यहां तक कि परिवार वाले खुलकर मांगते हैं और उसे ज्यादा तंग करते हैं। हालात इतने बिगड़ जाते हैं कि अंत में वकील की मौत हो जाती है और चंदा को उसकी मौत के लिए दोषी ठहराया जाता है। इस फिल्म में ललिता पवार ऐसी क्रूर सास बनीं, कि इस फिल्म के बाद उन्हें टाइपकास्ट कर दिया गया। उन्हें सिनेमा में फिर ऐसे ही निगेटिव रोल्स ज्यादा ऑफर किए गए। दहेज प्रथा पर इसके अलावा कई और फिल्में भी बनीं, जो आज भी चर्चा का विषय बनी हुई हैं।

## खबर संक्षेप

### सीएम हेल्पलाइन के लिए ट्रेनिंग

**रायगढ़।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश में जल्द शुरू होने जा रही सीएम हेल्पलाइन सेवा के प्रभावी संचालन के लिए जिले में जिला एवं विकासखण्ड स्तरीय अधिकारियों का प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा। सीएम हेल्पलाइन के माध्यम से आमजन अपनी शिकायतें दर्ज कर त्वरित समाधान प्राप्त कर सकेंगे। शिकायतों के निराकरण के लिए चार स्तरीय व्यवस्था बनाई गई है, जिसमें ब्लॉक स्तर से लेकर विभाग प्रमुख स्तर तक अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की गई है। प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों को शिकायत पंजीयन प्रक्रिया, पोर्टल संचालन, समय सीमा प्रबंधन एवं शिकायत निराकरण संबंधी तकनीकी जानकारी दी जाएगी। जिला स्तर के अधिकारी प्रशिक्षण में भौतिक रूप से उपस्थित रहेंगे, जबकि विकासखण्ड स्तर के अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़ेंगे। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने संबंधित अधिकारियों को प्रशिक्षण में अनिवार्य रूप से उपस्थित होने एवं आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

### 40 लीटर शराब और मोटर साइकिल जब्त

**रायगढ़।** आबकारी विभाग ने अवैध महुआ शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 40 लीटर महुआ शराब एवं एक मोटरसाइकिल जब्त की है। आबकारी विभाग की टीम ने बताया कि आरोपी शिवचरण साव पिता ननकु साव 50 निवासी कुरमापाली को मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 13 बीबी 5437 से अवैध महुआ शराब परिवहन करते हुए पकड़ा। कार्रवाई के दौरान आरोपी के कब्जे से लगभग 40 लीटर महुआ शराब बरामद की गई। मामले में आबकारी अधिनियम की धारा के तहत प्रकरण क्रमांक दर्ज किया गया है।

### सेवाकर्ता इकाईयों के चयन की प्रक्रिया स्थगित

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण क्रेडा जोनल कार्यालय रायगढ़ द्वारा सेवाकर्ता इकाईयों के चयन हेतु जारी रूचि की अभिव्यक्ति प्रक्रिया को आगामी आदेश तक स्थगित कर दिया गया है। क्रेडा जोनल कार्यालय रायगढ़ के पत्र क्रमांक 264 दिनांक 29 अप्रैल के माध्यम से सेवाकर्ता इकाईयों के चयन हेतु विज्ञापन जारी किया गया था। इस संबंध में माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर द्वारा पारित स्थगन आदेश तथा क्रेडा प्रधान कार्यालय से पत्र क्रमांक 262 दिनांक 19 मई 2026 के माध्यम से प्राप्त निर्देशों के पालन में चयन प्रक्रिया को स्थगित किया गया है। क्रेडा अधिकारियों ने बताया कि आगामी आदेश जारी होने तक सेवाकर्ता इकाईयों के चयन की समस्त कार्यवाही स्थगित रहेगी। संबंधित पक्षों को निर्देशों के अनुरूप आवश्यक जानकारी पृथक से उपलब्ध कराई जाएगी।

## श्रद्धांजलि...

### रविवारी बाई चौहान



**रायगढ़।** 21 मई को स्व. श्रीमती रविवारी बाई चौहान के एकादश कर्म सह गंगभोज कार्यक्रम में पूरा चौहान समाज सम्मिलित हुए। जिसमे मुख्य तौर से रायगढ़ जिला अध्यक्ष देव प्रसाद चौहान, जिला कोषाध्यक्ष सुभाष चौहान, जिला उपाध्यक्ष तोषराम चौहान एवं पुसौर ब्लाक उपाध्यक्ष तीरनाथ चौहान, जिला संरक्षक संतराम चौहान, युवा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष रामेश्वर चौहान, जिला सलाहकार सत्यनारायण चौहान जिला उपाध्यक्ष धनुर्जय चौहान एवं पूर्वांचल शौकीलाल चौहान समेत अन्य शामिल हैं। गुरू देव चौहान, संतोष कुमार चौहान एवं सभी पदाधिकारी गण शामिल होकर मृतात्मा को श्रद्धांजलि अर्पित किए।

## सर्वे में सामने आई सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक धरोहर

# बड़े भंडार में मिला प्राचीन तालपत्र पांडुलिपियों का दुर्लभ संग्रह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़



जिले के पुसौर विकासखंड अंतर्गत ग्राम बड़ेभंडार में भारत सरकार के ज्ञानभारतम मिशन के तहत चल रहे सर्वेक्षण अभियान के दौरान एक महत्वपूर्ण सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक धरोहर सामने आई है। ग्राम के नंदे परिवार द्वारा लगभग 120 वर्ष पुरानी तालपत्र पांडुलिपियों का संग्रह आज भी सुरक्षित रूप से संरक्षित किया गया है।

इन दुर्लभ पांडुलिपियों के मिलने से क्षेत्र की प्राचीन ज्ञान परंपरा और सांस्कृतिक विरासत को नई पहचान मिली है। नंदे परिवार के संग्रह में गीता, महाभारत, नित्य पूजन पद्धतियां मंगल स्तुति, हरिवंश पुराण, कार्तिक माहात्म्य, माघ माहात्म्य, लक्ष्मी पुराण एवं श्राद्ध पद्धति सहित कुल 25 महत्वपूर्ण पांडुलिपियां संरक्षित हैं। ज्ञानभारतम मिशन के अंतर्गत प्राचीन पांडुलिपियों के संरक्षण एवं दस्तावेजीकरण हेतु किए जा रहे सर्वे के दौरान सर्वेयर प्रेमचंद मैत्री ने ग्राम पंचायत बड़ेभंडार के सचिव के माध्यम से प्राप्त जानकारी के आधार पर ग्राम निवासी मुरलीधर नंदे एवं उनके भाई मंगल प्रसाद नंदे के निवास पहुंचकर पांडुलिपियों का अवलोकन एवं सर्वेक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि परिवार द्वारा वर्षों से इन प्राचीन तालपत्रों को अत्यंत सावधानी एवं श्रद्धा के साथ संरक्षित किया जा रहा है। मुरलीधर नंदे ने बताया कि उनके परिवार में सुरक्षित यह पांडुलिपियां उनके दादा स्वर्गीय सनातन नंदे द्वारा लिखी गई थीं। तालपत्रों पर उकेरी गई इन पांडुलिपियों में धार्मिक एवं आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक विषयों का विस्तृत वर्णन है। परिवार द्वारा पीढ़ियों से इनका अध्ययन और संरक्षण किया जाता रहा है। उन्होंने बताया कि उन्होंने स्वयं अपने दादा से इन पांडुलिपियों का श्रवण और अध्ययन सीखा तथा वर्षों से इन्हें सुरक्षित रखने का कार्य कर रहे हैं।

### विधिवत की जाती है पूजा-अर्चना

इन तालपत्रों पर अत्यंत सुंदर एवं कलात्मक ढंग से लेखन और अंकन किया गया है, जो तत्कालीन साहित्यिक एवं सांस्कृतिक समृद्धि का प्रमाण माने जा रहे हैं। परिवार द्वारा प्रतिवर्ष विजयादशमी से कुमार उत्सव पूर्णिमा तक इन पांडुलिपियों की पोथी स्थापना कर विधिवत पूजा अर्चना भी की जाती है। यह परंपरा वर्षों से लगातार चली आ रही है और परिवार अपने पूर्वजों की धरोहर को आज भी उसी श्रद्धा से संजोए हुए है। सर्वेक्षण की जानकारी मिलने पर जनपद पंचायत पुसौर के विकास विस्तार अधिकारी बृज बंधु पटेल भी ग्राम बड़ेभंडार पहुंचे। उनके साथ ग्राम पंचायत के सरपंच ओमप्रकाश गुप्ता तथा राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती पुष्पांजलि दासे भी उपस्थित रहीं। सभी ने नंदे परिवार द्वारा संरक्षित प्राचीन पांडुलिपियों का अवलोकन किया और उनके संरक्षण कार्य की मुक्तकंठ से सराहना की।

# एनआरएलएम और एसबीएम ग्रामीण योजनाओं की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़



जिला पंचायत सीईओ अभिजीत बबन पठारे द्वारा आज राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन एनआरएलएम एवं स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण एसबीएम जी की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में विभिन्न योजनाओं की प्रगति, लंबित कार्यों एवं लक्ष्य पूर्ति की स्थिति पर गहन चर्चा करते हुए सभी जनपद पंचायतों को निर्धारित समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

■ एनआरएलएम व एसबीएम जी की समीक्षा, लंबित कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश

बैठक में एनआरएलएम अंतर्गत समूह गठन, छूटे हुए परिवारों के शत प्रतिशत संतृप्तिकरण, लोकोश में नियमित ट्रांजेक्शन एंट्री, आंतरिक अंकेक्षण, बैंक लिंकेज, चक्रीय निधि एवं सामुदायिक निवेश निधि की समीक्षा की गई। साथ ही प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत 31 मई से पूर्व सभी हितग्राहियों के नवीनीकरण और नए पात्र लोगों को जोड़ने के निर्देश दिए गए। एनपीए की स्थिति तथा आजीविका गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए सभी दीदियों को आय आधारित कार्यों से जोड़ने पर विशेष जोर दिया गया। एसबीएम जी समीक्षा के दौरान एसडब्ल्यूएम रूल्स 2026 के पालन हेतु सभी जनपद पंचायतों एवं ग्राम पंचायतों को कार्ययोजना एवं पालन प्रतिवेदन तैयार करने के सख्त निर्देश दिए गए।

डीबीटी लंबित प्रकरणों में 50 प्रतिशत मांग आगामी सोमवार तक जिला पंचायत भेजने को कहा गया। इसके अलावा लंबित जियो टैगिंग कार्य अगले सप्ताह तक पूर्ण करने, घर घर कचरा संग्रहण एवं यूजर चार्ज वसूली में प्रगति लाने तथा स्वच्छताग्राही समूहों को समय पर मानदेय भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में एफएसटीपी एवं पीडब्ल्यूएमयू की नियमित कार्यशीलता बनाए रखने तथा प्रत्येक ग्राम पंचायत में एफएसटीपी संबंधी दीवार लेखन कराने के निर्देश भी दिए गए। वर्ष 2026-27 के लिए एनएचएच स्वीकृति हेतु मांग पत्र 25 मई तक प्रस्तुत करने एवं सभी घटकों के प्रस्ताव समय-सीमा में तैयार कर भेजने पर जोर दिया गया।

## आयुक्त के स्थगन आदेश की अवहेलना तहसीलदार ने दिए निर्माण रोकने के निर्देश

**बिलाईगढ़।** नगर पंचायत भटगांव के वार्ड क्रमांक 01 सिंधीचुवा रोड स्थित विवादित भूमि पर निर्माणाधीन संवरा समाज भवन मामले में प्रशासन अब पूरी तरह एक्शन मोड में आ गया है। बिलासपुर संभाग आयुक्त द्वारा जारी स्थगन आदेश की कथित अवहेलना सामने आने के बाद तहसीलदार भटगांव ने सीएमओ भटगांव को तत्काल कार्रवाई के लिए सख्त निर्देश जारी किए हैं।

तहसीलदार कार्यालय से जारी आधिकारिक आदेश में कहा गया है कि आयुक्त बिलासपुर द्वारा 20 मई तक निर्माण कार्य पर रोक लगाए जाने के बावजूद संबंधित पक्ष द्वारा लगातार निर्माण कराया जा रहा था। मामले की शिकायत अरुण ग्रेवाल, राजकुमार सोनी, अखिलेश नागेश्वर एवं धनेश यादव द्वारा प्रशासन से की गई थी। शिकायत को गंभीर से लेते हुए तहसीलदार ने नगर पंचायत भटगांव के सीएमओ को आदेशित किया है कि विवादित स्थल पर चल रहे निर्माण कार्य को तत्काल प्रभाव से बंद कराया जाए तथा मौके पर मौजूद सेंटरिंग सामग्री, लोहे की छड़, रेत सहित अन्य निर्माण सामग्री को जप्त करने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।




### आदेश की अवहेलना पर एफआईआर के संकेत

ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि आयुक्त के आदेश की अवहेलना करने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की गई है। इससे साफ माना जा रहा है कि यदि आदेश का पालन नहीं हुआ तो संबंधित पक्ष पर कानूनी शिकंजा कस सकता है। मामले की गंभीरता को देखते हुए आदेश की प्रतिलिपि एसडीएम बिलाईगढ़, एसडीओपी बिलाईगढ़ एवं थाना प्रभारी भटगांव को भी भेजी गई है।

# वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने किया अघरिया बंधु पत्रिका का विमोचन

**तमनार।** अखिल भारतीय अघरिया समाज केंद्रीय समिति की त्रैमासिक बैठक 20 मई को अघरिया सदन रायगढ़ में सम्पन्न हुआ। बैठक की शुरूआत अखिल भारतीय अघरिया समाज के केंद्रीय समिति के अध्यक्ष श्रीमती उषा पटेल और उपस्थित पदाधिकारियों द्वारा समाज के ईष्टदेव भगवान श्रीकृष्ण की पूजा अर्चना से हुआ। तत्पश्चात मंचस्थ पदाधिकारियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया।

भुवन पटेल केन्द्रीय संयुक्त सचिव द्वारा सक्ती में आयोजित पिछली बैठक में लिए गए निर्णय पर अनुमोदन के लिए कार्रवाई का संक्षेप में विवरण प्रस्तुत किया गया। मनोनीत कोषाध्यक्ष प्रमोद पटेल द्वारा आज तक के आय व्यय का विवरण दिया गया। बैठक में वित्त मंत्री ओमप्रकाश चौधरी का भी आगमन हुआ। ओपी चौधरी द्वारा समाज की त्रैमासिक पत्रिका



अघरिया बंधु का श्रीमती उषा पटेल और मुख्य संपादक देवानंद पटेल के साथ सामाजिक पदाधिकारियों द्वारा विमोचन किया गया। ओपी चौधरी प्रतिभावान छात्रा कु. संध्या नायक का अखिल भारतीय अघरिया समाज की ओर से प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिह्न से सम्मानित किया गया। साथ ही संध्या नायक और उनके भाई को 25-25 हजार की सहयोग राशि देने की बात कही। अपने उद्बोधन में समाज को हर क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती उषा पटेल ने अपने उद्बोधन में समाज को आगे बढ़ाने पर जोर दिया। श्रीमती उषा पटेल ने पैता धाम के निर्माण के बारे में कहा कि अभी एक गाड़ी मकराना के संगमरमर पत्थर का आगमन हो चुका है और मई अंत तक दो गाड़ी आने की संभावना है।

## अनुसूचित जाति मंडल की बैठक संगठन और समाज हित में चर्चा

**घरघोड़ा।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मंडल घरघोड़ा की एक महत्वपूर्ण बैठक 19 मई को आयोजित की गई। जिसमें संगठन को और अधिक मजबूत बनाने, समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाने तथा आगामी कार्यक्रमों की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में मंडल के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। बैठक के दौरान संगठन विस्तार, बूथ स्तर पर मजबूती, समाज के लोगों की समस्याओं के निराकरण तथा केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने को लेकर गंभीर मंथन किया गया। इस दौरान कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए गए और कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां भी सौंपी गईं। बैठक में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने कहा कि आज देश और प्रदेश में डबल इंजन की सरकार लगातार गरीब, मजदूर, किसान, युवा एवं अनुसूचित जाति वर्ग के उत्थान के लिए ऐतिहासिक कार्य कर रही है। केंद्र की योजनाएं सीधे जनता तक पहुंच रही हैं और हर छोटी से छोटी कमी को दूर करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध होकर काम कर रही है।



## सड़क निर्माण छोड़कर भाग गया ठेकेदार, ग्रामीण हो रहे परेशान



**कुड़ेकेला।** खेदापाली पत्ता गोदाम से नावापारा तक लगभग 2.5 किलोमीटर की यह सड़क पिछले लंबे अरसे से गड्ढों में तब्दील हो चुका था। जनता ने मिन्नतें कीं आंदोलन किए तब जाकर सड़क निर्माण को मंजूरी मिली, लेकिन यह मंजूरी जनता के लिए राहत नहीं बल्कि एक नई मुसीबत लेकर आएगी। जानकारी मिली है कि इस सड़क निर्माण का ठेका किसी राजेश कुमार अग्रवाल के नाम पर अनुबंधित हुआ था, लेकिन ठेकेदार ने बीच में ही काम छोड़कर चला गया। दूसरी ओर जो निर्माण किया गया है उसकी भी क्वालिटी काफी निम्न स्तर का हे। घटिया निर्माण और लापरवाही का विरोध ग्रामीणों ने किया तो ठेकेदार ने सुधारने के बजाय काम पूरा किए बिना ही बीच मझधार में आधा अधूरा छोड़कर चले गए।

## पेट्रोल-डीजल संकट को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन

**बिलाईगढ़।** बढ़ती महंगाई, पेट्रोल डीजल की किल्लत, खाद की कमी एवं लगातार बढ़ रही ईंधन कीमतों के विरोध में बिलाईगढ़ विधानसभा मुख्यालय में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष लाकेश्वर देवांगन के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन किया गया।

इस विरोध प्रदर्शन में बिलाईगढ़ विधायक श्रीमती कविता लहरे शामिल हुईं। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ नारेबाजी करते हुए आम जनता की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। प्रदर्शन के पश्चात राज्यपाल एवं राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन बिलाईगढ़




एसडीएम को सौंपा गया। विधायक श्रीमती लहरे ने कहा कि महंगाई ने हर वर्ग की कमर तोड़ दी है। पेट्रोल डीजल की लगातार बढ़ती कीमतों से परिवहन खर्च बढ़ रहा है, जिसका सीधा असर खाद्य सामग्री एवं दैनिक उपयोग की वस्तुओं पर पड़ रहा है। वहीं किसानों को खाद की कमी से भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। किसान, मजदूर, व्यापारी एवं मध्यम वर्गीय परिवार आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं, लेकिन केंद्र सरकार जनता की समस्याओं के प्रति संवेदनहीन बनी हुई है। उन्होंने कहा कि रसोई गैस, खाद्य सामग्री एवं सराफा सोना चांदी के बढ़ते दामों ने आम नागरिकों का जीवन कठिन बना दिया है।

## कोसीर में पेट्रोल पंप सूखे, लोग परेशान

**कोसीर।** कोसीर के एक मात्र पेट्रोल पंप में लगातार दो दिनों से पेट्रोल की भारी समस्या देखने को मिल रहा है। क्षेत्र के लोग अपने दैनिक कार्य को लेकर पेट्रोल पंप पहुंच रहे है, लेकिन निराश होकर वापस लौटते नजर आ रहे है। क्षेत्र के कर्मचारी, व्यापारी, किसान व आम नागरिकों के लिए भारी समस्या बन गई है। अचानक पेट्रोल व डीजल नही मिलने से काम काज ठप होने लगा है। आम नागरिक पहले गैस सिलेंडर के लिए दर-दर भटके और जैसे-तैसे गैस की समस्या दूर हुई और एक और बडी समस्या उभर कर सामने आ गई है। लगातार दो दिनो से डीजल-पेट्रोल नही मिलने से क्षेत्र के नागरिकों को भारी समस्या हो गई है।




# कौशल विकास से रोजगार की ओर कदम

**रायगढ़।** ग्राम छोटे भंडार स्थित अदाणी पावर लिमिटेड की सीएसआर इकाई द्वारा स्थानीय युवाओं को कौशल प्रशिक्षण एवं रोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से ग्राम सूपा के रीपा केंद्र में अदाणी स्किल डेवलपमेंट सेंटर रायगढ़ का शुभारंभ किया गया। इस प्रशिक्षण केंद्र के लिए ग्राम पंचायत सूपा द्वारा भवन उपलब्ध कराया गया है। यह पहल युवाओं को रोजगारोन्मुख एवं व्यावसायिक प्रशिक्षण उपलब्ध कराकर आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ाने पर केंद्रित है। केंद्र के माध्यम से परिधीय ग्रामों के युवाओं के तकनीकी कौशल में वृद्धि कर उन्हें विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के अवसरों से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

अदाणी स्किल डेवलपमेंट सेंटर में वर्तमान समय की मांग के अनुरूप दो पाठ्यक्रमों का संचालन शुरू किया गया। तीन माह की अवधि वाले पाठ्यक्रमों में अब तक 60 युवक-युवतियां नामांकन ले चुके हैं। ये पाठ्यक्रम क्रमशः तकनीकी और स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र से जुड़े व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करते हैं तथा राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त हैं। प्रशिक्षण पूर्ण होने के बाद इच्छुक अभ्यर्थियों के लिए प्लेसमेंट सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती लक्ष्मी जीवन पटेल जिला पंचायत सदस्य और शशधरा दास चीफ बिजनेस ऑफिसर, अदाणी पावर लिमिटेड, रायगढ़ उपस्थित रहे। उनके साथ जनप्रतिनिधि, कंपनी के अधिकारी और क्षेत्र के गणमान्य नागरिक भी कार्यक्रम में शामिल हुए। श्रीमती लक्ष्मी जीवन पटेल ने अपने संबोधन में कहा कि, ₹यह प्रशिक्षण केंद्र युवाओं को रोजगार से जोड़ने की दिशा में उपयोगी पहल है और इससे क्षेत्र के विद्यार्थियों को आगे बढ़ने के अवसर मिलेंगे।

शशधरा दास ने विद्यार्थियों को नियमित और अनुशासित प्रशिक्षण के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि, अदाणी स्किल डेवलपमेंट सेंटर के माध्यम से युवाओं को उद्योग की जरूरतों के अनुरूप प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे वे रोजगार के लिए बेहतर रूप से तैयार हो सकें।₹ कार्यक्रम के अंत में श्री धनंजय सिंह ने सभी अतिथियों, जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणजनों के प्रति आभार व्यक्त किया।




अदाणी स्किल डेवलपमेंट सेंटर से युवाओं के लिए नए अवसर

## अनाथ आश्रम पहुंचे पूर्व संसदीय सचिव, बुजुर्गों का लिया आशीर्वाद

**सरसीवा।** पूर्व संसदीय सचिव एवं पूर्व विधायक चन्द्रदेव राय जिला मुख्यालय स्थित वृद्धा अनाथ आश्रम पहुंचकर वृद्ध माताओं एवं पिता तुल्य बुजुर्गों के बीच पहुंच कर उनका आशीर्वाद लिया। आश्रम परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान आत्मीयता, सम्मान और भावनाओं का अद्भुत संगम देखने को मिला।



बुजुर्गों के बीच पहुंचे चन्द्रदेव राय ने उनसे आत्मीय संवाद किया, उनका कुशलक्षेम जाना तथा फल, मिठाई एवं आवश्यक सामग्री का वितरण किया। इस दौरान कई क्षण भावुक कर देने वाले रहे। राय ने कहा कि आज का दिन उनके जीवन के सबसे स्मरणीय एवं भावुक पलों में शामिल हो गया है। उन्होंने कहा कि जिन माता पिता ने अपने पूरे जीवन परिवार और समाज के लिए समर्पित कर दिया, उन्हीं में से कई बुजुर्ग आज अकेलेपन का जीवन जीने को विवश हैं। ऐसे बुजुर्गों के बीच समय बिताना आत्मिक संतोष और मानवीय जिम्मेदारी का एहसास कराने वाला अनुभव है। उन्होंने पूर्व सरकार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सारंगढ़ को नवीन जिले के रूप में मिली पहचान क्षेत्र के विकास की दिशा में ऐतिहासिक उपलब्धि है। साथ ही जिला प्रशासन की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि वृद्धा आश्रम की स्थापना समाज सेवा और मानवीय मूल्यों को मजबूत करने की दिशा में सराहनीय पहल है।

online Booking:-www.tripuryatra.com

स्लीपर मात्र 10,900/-
रायपुर, बिलासपुर, चाम्पा, रायगढ़ से होकर
स्पेशल ट्रेन
18 सितम्बर से 25 सितम्बर 2026 (8 दिन)
गंगा सागर यात्रा
गंगा सागर, श्री जगन्नाथ पुरी, माँ कामाख्या देवी, कोलकाता
(दक्षिणेश्वर काली मंदिर, कालीघाट काली मदिर, बेलूर मठ)
ऑफर राशि : स्लीपर 10,900/-, 3 एसी-18,500/-, 2 एसी 23,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector-4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:- 7354-411411

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त